# काजरी में शुरू हुआ पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण

## नराकास द्वारा केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो के तत्वावधान में आयोजित

दिनांक : 20.07.2026, जोधपुर






नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोधपुर-2 द्वारा केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 20 जुलाई 2026 को पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण की शुरुआत हुई | प्रशिक्षण नराकास, जोधपुर-2 के सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुवाद प्रशिक्षण द्वारा अनुवाद कौशल का विकास करने तथा भारत सरकार की राजभाषा नीति के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है |

उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई | काजरी के डॉ. एस पी एस तंवर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये कहा कि केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा आयोजित प्रशिक्षण से नराकास के सदस्य कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग में प्रगति होगी | डॉ. तंवर ने कहा कि सूचना प्रोद्योगिकी के युग में भी अनुवाद हेतु पूर्ण रूप से कृत्रिम बुद्धिमता पर निर्भर नहीं रह सकते हैं | काजरी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि. ग्रेड) श्री संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप कार्य करने के लिए हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओँ का ज्ञान होना जरुरी है | श्री नवीन कुमार यादव, सदस्य सचिव नराकास, जोधपुर-2 एवं उप निदेशक (राजभाषा), काजरी, जोधपुर ने स्वागत भाषण दिया | उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में नराकास के सदस्य कार्यालयों के 25 अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे हैं | केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली के श्री सतेंद्र राठी, सहायक निदेशक तथा डॉ. आशुतोष, सहायक निदेशक संकाय सदस्य के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे | नराकास, जोधपुर-2 द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं | कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनीता शेखावत, आहरण एवं संवितरण अधिकारी, काजरी द्वारा किया गया |